भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.03.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2526 का उत्तर

लंबी दूरी की रेलगाड़ियां

2526. श्री अशोक कुमार यादव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार रेल यात्रियों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत लंबी दूरी की रेलगाड़ियों को दरभंगा से जयनगर जंक्शन तक बढ़ाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में प्रस्तावित लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस पर कब तक विचार किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): इस समय, जयनगर स्टेशन 15 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवाओं द्वारा पर्याप्त रूप से सेवित किया जा रहा है। जयनगर तक गाड़ी सेवाओं का विस्तार करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, गाड़ी सेवाओं का विस्तार करना भारतीय रेल पर सतत प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****